# प्रेस नोट

**थाना - कपूरपुर** **दिनांक 09-11-2023**

- **थाना कपूरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान नकली(सिंथेटिक) मावा बनाकर सप्लाई वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।**
- **जिसके कब्जे से करीब 16 कुंतल नकली(सिंथेटिक) मावा, अपमिश्रित मावा बनाने में प्रयुक्त 10 कट्टे कच्चा माल पाउडर, 23 टिन पाम ऑयल, 12 खाली टिन, कैमीकल, अन्य उपकरण एवं घटना में प्रयुक्त गाडी(कैण्टर) बरामद ।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नकली (सिंथेटिक) मावा बनाकर मोरी गेट मावा मण्डी दिल्ली में बेचने को ले जा रहा था ।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को पूर्व में भी उसके साथियों के साथ नकली मावा बनाने/बेचने के मामले में जनपद गाजियाबाद के थाना भोजपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था ।**

**कार्यवाही:-**



हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को ग्राम बझैड़ा कलां से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से करीब 16 कुंतल नकली मावा, अपमिश्रित मावा बनाने वाला 10 कट्टे कच्चा माल पाउडर, 23 टिन पाम ऑयल, 12 खाली टिन, कैमीकल, अन्य उपकरण एवं घटना में प्रयुक्त गाडी(कैण्टर) बरामद हुई है ।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कपूरपुर पर मु0असं0 184/2023 धारा 272, 273 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तारी का स्थान व समय:-** ग्राम बझैड़ा कलां, *दिनांक-* 09.11.23 *समय-* 14.00 बजे ।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

नसीम पुत्र ननवा निवासी कलछीना थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद।

## बरामदगी का विवरणः-

1. करीब 16 कुन्तल अपमिश्रित मावा (सिंथेटिक मावा)।
2. अपमिश्रित मावा बनाने के सामान (10 कट्टे कच्चा माल पाऊडर, 23 टिन भरे हुए पाम आयल एवं 12 टिन खाली, अपद्रव्य अलट्रेन्ड)।
3. 02 बडी कढाई, 02 बडे भिगोने, 03 सिलेण्डर, 02 भट्टी, 04 बडे पलटे, प्लास्टिक की 02 बाल्टी, प्लास्टिक का एक डिब्बा, प्लास्टिक के 02 मग, प्लास्टिक के 09 बडे कट्टो में भरा हुआ सूप तैयार माल।
4. घटना में प्रयुक्त गाडी(कैण्टर) रजि0 सं0 UP 14 GT 5364

## गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 388/2019 धारा 272,273 भादवि थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री महेन्द्र सिंह थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री मनोज सहरावत थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
3. उ0नि0 अतुल कश्यप थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
4. है0का0 579 रामकुमार शर्मा थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
5. है0का0 561 शरद अतरी थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
6. है0का0 298 हरेन्द्र थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
7. का0 701 संजीव कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
8. का0 775 मनीष कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
9. का0 998 शिशुपाल थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
10. का0 128 हिमान्शु यादव थाना कपूरपुर जनपद हापुड।